आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 155 ● कटनी ● गुरुवार, 7 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



# लालू यादव की हालत नाजुक

## बॉडी में मूवमेंट बंद, राबड़ी की अपील-दुआ कीजिए

**नई दिल्ली,पटना ,एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल( राजद) सुप्रीमो लालू यादव की हालत काफी नाजुक है। उन्हें देर रात दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है, जहां वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम उनके इलाज में जुटी हुई है। इससे पहले उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, बुधवार रात उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली लाया गया। दरअसल, दो दिन पहले लालू यादव अपनी पत्नी राबड़ी देवी के आवास पर सीढ़ियों से गिर गए थे, जिससे उनके शरीर में तीन जगह फैक्चर हुआ है। वह पहले से ही कई बीमारियों से जूझ रहे थे। ऐसे में चोट के कारण उनकी हालत और खराब हो गई। लालू यादव के दिल्ली पहुंचने के बाद उनके बेटे तेजस्वी यादव ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया, सीढ़ी से गिरने के कारण उनके शरीर में तीन जगह पर फैक्चर हुआ है, इससे उनका शरीर पूरी तरह से लॉक हो चुका है और उनके शरीर में मूवमेंट नहीं हो पा रहा है। तेजस्वी ने बताया, एम्स में उनका पूरा चेकअप किया जाएगा। इसके बाद डॉक्टरों की टीम आगे के इलाज के बारे में तय करेगी। यादव परिवार के सूत्रों के मुताबिक, लालू यादव के फेफड़ों में पानी भर चुका है। इससे उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है। वहीं उनका क्रेटनिन भी चार से छह पहुंच गया है। उनकी किडनी ट्रांसप्लांट की भी बात चल रही है। तेजस्वी यादव ने बताया, एक बार राजद प्रमुख की तबीयत ठीक हो जाए, उसके बाद उन्हें सिंगापुर ले जाने के लिए डॉक्टरों से बात की जाएगी। इस बीच लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी ने लोगों से भावुक अपील की है। उन्होंने लालू यादव के चाहने वालों से कहा कि वे लोग परेशान न हों, चिंता की कोई बात नहीं है। राजद अध्यक्ष ठीक हो रहे हैं।

# कुदरत का कहर

## 20 राज्यों में भारी बारिश, कहीं बाढ़-कहीं लैंडस्लाइड

# राजस्थान, मप्र में बिजली गिरने से 16 लोगों की मौत

## कर्नाटक में लैंडस्लाइड में 3 की जान गई

## महाराष्ट्र में अलर्ट

**नई दिल्ली/ शिमला/देहरादून, एजेंसी।** मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी इलाकों से मध्यप्रदेश व मुंबई तक झमाझम बरस रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, दो दिन से देश के 20 से अधिक राज्यों में बारिश हो रही है। बीते 24 घंटे में देशभर में 12.2 मिमी बारिश हुई, जो एक दिन में सामान्य बारिश से 47 प्रश अधिक है। यह इस सीजन में एक दिन की सबसे अधिक बारिश भी है। दो दिन से हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और महाराष्ट्र के कई इलाकों में भारी बारिश हुई है। इससे पहाड़ी राज्यों में कई जगह बाढ़ और लैंडस्लाइड से हादसे हुए हैं। बुधवार को हिमाचल के कुल्लू व शिमला में बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग लापता हैं। वहीं, राजस्थान में बिजली गिरने से बूंदी में 2, बारां में 2 और भरतपुर में एक की मौत हो गई। यहां कई जिलों में अलर्ट है। मप्र में बिजली गिरने से 11लोगों की मौत हो गई।

### कर्नाटक के पंजकाल गांव में लैंडस्लाइड

कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में लैंडस्लाइड होने से 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि भारी बारिश के बाद पंजकाल गांव में भूस्खलन हुआ था। एक की मौके पर ही मौत हो गई। तीन लोगों को रेस्क्यू किया गया था। इनमें से 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौसम विभाग ने तटीय कर्नाटक के जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इसके चलते यहां के सभी स्कूलों और कॉलेजों को बंद कर दिया गया है।





### मध्य प्रदेश में भारी बारिश

भोपाल में गुरुवार सुबह से बारिश हो रही है। मप्र के मध्य में लो प्रेशर एरिया बनने से भारी बारिश हो रही है। ग्वालियर-चंबल में बुधवार को गर्मी, उमस और फिर झमाझम बारिश के बीच कई जगह बिजली गिरी। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सबसे ज्यादा मौत श्योपुर में हुईं। छतरपुर में भी मां-बेटे सहित तीन की जान गई।

### महाराष्ट्र के कई इलाकों में रेड अलर्ट

मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई के अधिकांश हिस्सों में बुधवार शाम से ही भारी बारिश जारी है। यहां 1 जून से सीजन की कुल बारिश 958 मिमी मिमी दर्ज की गई। जो कि कुल बारिश 2,205 मिमी का 43प्रश है। यहां के सतारा जिले में प्रतापगढ़ किले के पास आज रात भर हुई भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हुआ। वहीं, दादर और सायन के इलाकों में जलभराव देखा गया। महाराष्ट्र के कोंकण और पश्चिमी इलाकों में भारी बारिश की वजह से जलभराव और लैंडस्लाइड की घटनाएं हो रही हैं। यहां आपात स्थितियों से निपटने के लिए हृष्ठक्र्न की 17 टीमें तैनात की गई हैं। रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग क्षेत्र 9 जुलाई तक रेड अलर्ट पर हैं। पुणे, कोल्हापुर और सतारा 8 जुलाई तक रेड अलर्ट पर हैं, जबकि मुंबई और ठाणे 10 जुलाई तक ऑरेंज अलर्ट पर हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों को प्रभावित लोगों को सुरक्षित जगह पर ले जाने के निर्देश दिए हैं।



## सीएम ने किया पौधारोपण

जबलपुर, यश भारत। अल्पप्रवास पर डुमना पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विमानतल पर पौधा रोपा। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा और भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं महापौर पद के प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र जामदार मौजूद रहे।

## क्रूरता! तलाक मांगा तो सड़क पर ही पत्नी पर पेट्रोल डाल लगाई आग

**भोपाल, यशभारत।** भोपाल में रोंगटे खड़े कर देने वाली एक वारदात में एक व्यक्ति महज इस बात पर दिनदहाड़े सरेआम अपनी पत्नी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। क्योंकि वह तलाक चाहती थी।



आरोपी पति की पहचान रईस खान के तौर पर हुई है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता अपने शौहर के संदिग्ध स्वभाव और रोजाना होने वाली पिटाई से थक चुकी थी।घटना के सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक 22 वर्षीय महिला को आग के हवाले किया गया है। उसके सिर और ऊपरी शरीर से आग की लपटें उठ रही हैं। वह मदद के लिए चिल्लाती हुई इधर-उधर भाग रही है। राहगीरों ने गड्ढों में जमा पानी को उसपर फेंका ताकि आग बुझाई जा सके। कुछ लोग अपने घरों से पानी की बाल्टी लेकर दौड़े और उसे बचाया। वहीं रईस मौके से फरार हो गया और उसकी गिरफ्तारी होनी बाकी है। राजस्थान के अलीगंज छाबड़ा के रहने वाले रईस और भोपाल की मुस्कान खान की शादी 4 अप्रैल 2019 को हुई थी, लेकिन अब दोनों के रिश्ते में दरार आ चुकी है। कोतवाली के एसीपी नागेंद्र पटेरिया ने कहा कि मुस्कान जब भी अपने परिवार के सदस्यों से मोबाइल पर बात करती तो रईस को शक हो जाता और वह उससे मारपीट करने लगता।



## देवेंद्र फडणवीस को पहले बनना पड़ा डिप्टी सीएम

# अब कैबिनेट में भी नहीं रहेगा ज्यादा दखल

**मुंबई ,एजेंसी।** एकनाथ शिंदे की सरकार में मंत्रालयों के बंटवारे में भी हाईकमान डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को फ्री हैंड देने के मूड में नहीं है। सूत्रों के मुताबिक हाईकमान की राय है कि पार्टी लीडरशिप को न सिर्फ सरकार पर मजबूत पकड़ रखनी चाहिए बल्कि पार्टी में भी उसका दखल बना रहना चाहिए। कहा जा रहा है कि हाईकमान की ओर से ही तय किया जाएगा कि शिवसेना से आए और किन निर्दलीय विधायकों को कौन सा मंत्रालय दिया जाएगा। खासतौर पर मुंबई के विधायकों पर फोकस किया जा रहा है।देवेंद्र फडणवीस 2014 से 2019 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। दरअसल पार्टी मुंबई और ठाणे में खुद को मजबूत करना चाहती है, जहां शिवसैनिकों की अच्छी पकड़ मानी जाती रही है। इसलिए पार्टी की राय है कि एकनाथ शिंदे गुट के जरिए उद्धव ठाकरे के प्रभाव को इन इलाकों में कम किया जाए। इसका असर भाजपा की आंतरिक रणनीति पर भी देखने को मिल सकता है। यही नहीं इसे देवेंद्र फडणवीस के लिए दूसरे झटके के तौर पर देखा जा सकता है, जिन्हें मजबूरन पार्टी के आदेश पर डिप्टी सीएम का पद संभालना पड़ा है। महाराष्ट्र के अंदर भी देवेंद्र फडणवीस को लेकर अलग-अलग राय हैं। उनके समर्थकों का कहना है कि देवेंद्र फडणवीस की लीडरशिप में ही पार्टी स्टेट में मजबूत हुई है, जबकि विरोधियों का कहना है कि उनके दौर में भाजपा के वफादारों को किनारे लगाया गया है। ऐसे में हाईकमान बैलेंस बनाने की कोशिश में है और इसके तहत कुछ ऐसे नेताओं को अहम रोल मिल सकता है, जो अब तक किनारे लगे रहे हैं। भाजपा के एक नेता ने कहा कि सबसे अहम गृह मंत्रालय देवेंद्र फडणवीस की बजाय सुधीर मुनगंटीवार को दिया जा सकता है।

### उद्धव का साथ छोड़ने की तैयारी में अब 12 सांसद, शिवसेना के पूर्व मंत्री गुलाब राव पाटिल ने किया दावा

**मुंबई,एजेंसी।** शिवसेना के 40 विधायकों के बाद अब पार्टी के 12 सांसद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट में शामिल होने की तैयारी में हैं। शिंदे गुट के विधायक और पूर्व मंत्री गुलाबराव पाटिल ने यह दावा किया। एक दिन पहले दक्षिण मध्य मुंबई से शिवसेना सांसद राहुल शेवाले ने राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान के लिए उद्धव ठाकरे को पत्र लिखा है। जबकि शिवसेना पहले से ही विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के समर्थन में हैं।शिवसेना में जहां उद्धव ठाकरे का आदेश ही सर्वोपरि माना जाता है, वहां राहुल शेवाले ने उन्हें पत्र लिखकर अपना रुख जाहिर कर दिया है। इससे भी शिवसेना सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने की चर्चा को बल मिला है।



## बड़वानी में ट्रक की टक्कर से बस पलटी 16 घायल

**बड़वानी ,एजेंसी।** जिले में गुरुवार सुबह बिजासन घाट पर ट्रक ने यात्री बस को टक्कर मार दी। इससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 16 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसा सेंधवा शहर से 16 किमी दूर एबी रोड पर हुआ। बस राजस्थान के सीकर जिले से महाराष्ट्र के पुणे जा रही थी। एक व्यक्ति का पैर बस के नीचे दब गया, उसे निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कटर से बस की बॉडी काटकर उसका पैर निकाला गया। घायलों को सेंधवा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस पलटने से यातायात बंद हो गया। ऐसे में वाहनों की लाइन लग गई। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# भारत छोड़कर भागे विवो कंपनी के दो डायरेक्टर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चीनी मोबाइल कंपनी वीवो पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच तेज करने के बाद कंपनी को दो डायरेक्टर भारत छोड़कर चीन भाग गए हैं। समाचार एजेंसी ने जानकारी दी है कि ईडी की ओर से जांच तेज करने के बाद चीनी फर्म वीवो के निदेशक झेंगशेन ओउ और झांग जी भारत से भाग गए हैं।प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवोऔर उससे जुड़ी हुई फर्मों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में 44 स्थानों पर तलाशी ली गई थी। ईडी के अधिकारियों ने जानकारी दी कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं के तहत छापेमारी की जा रही है। ईडी ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मेघालय, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में वीवो और उससे संबंधित कंपनियों से जुड़े 44 स्थानों पर तलाशी ले रही है। ईडी को शक है कि वीवो कंपनी ने कथित शेल कंपनियों का उपयोग करके अवैध रूप से कमाए गए धन की हेराफेरी की है। कुछ ''आपराधिक आय'' को विदेश भेजा गया या भारतीय कर और प्रवर्तन एजेंसियों को धोखा देकर कुछ अन्य व्यवसायों में लगा दिया गया। इस कार्रवाई को चीनी संस्थाओं और उनसे जुड़े भारतीय पक्षों के खिलाफ केंद्र सरकार की कार्रवाई के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने जम्मू-कश्मीर स्थित वीवो के एक डिस्ट्रीब्यूटर्स के खिलाफ केस दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कुछ चीनी नागरिक कंपनी के शेयरहोल्डर्स थे ।




### ईडी ने 44 ठिकानों पर मारा था छापा

# लीना मणिमेकलाई पर लुक आउट सर्कुलर जारी करने केंद्र से अनुरोध करेगी एमपी सरकार

**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश सरकार मां काली के विवादास्पद पोस्टर मामले में फिल्म निर्देशक लीना मणिमेकलाई के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का आग्रह करेगी। यह परिपत्र केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा कहते हैं कि झूठी लोकप्रियता के लिए मणिमेकलाई एक वर्ग विशेष को उकसा रही हैं। समाज में वैमनस्यता फैलाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ट्विटर को भी नोटिस देगी। उनसे समाज में वैमनस्यता फैलाने वाले संदेशों को रोकने के लिए कहा जाएगा। ज्ञात हो कि मणिमेकलाई ने वेब सीरिज काली के पोस्टर में देवी काली को सिगरेट पीते और भगवान शिव एवं मां पार्वती को बीड़ी पीते हुए दिखाया है। जिस पर हिंदू धर्मावलंबियों ने कड़ी आपत्ति ली है। गृहमंत्री ने कहा कि मणिमेकलाई की दूसरी पोस्ट बताती है कि वह जानबूझकर हिंदू वर्ग की धार्मिक भावनाएं आहत कर रही हैं। उनके खिलाफ बुधवार को एफआइआर दर्ज की गई है आगे भी कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी। हम केंद्र सरकार को लिख रहे हैं कि वह मणिमेकलाई के खिलाफ लुक आउट सरक्यूलर जारी करें। जिससे आगे की कार्रवाई में सहयोग हो सके। डा. मिश्रा ने कहा कि यह भी देखने में आ रहा है कि विक्षिप्त लोग हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत करने के लिए ट्विटर का टूल की तरह उपयोग कर रहे हैं। इसलिए ट्विटर प्रबंधन को भी पत्र लिखा जा रहा है। ट्विटर से कहा जाएगा कि वह इस तरह की धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली पोस्ट को पहले ही स्कैन करने की व्यवस्था करें। ताकि आपत्तिजनक सामग्री ट्विटर पर पोस्ट ही नहीं हो सके। गृहमंत्री ने कहा कि मेरा विरोध इस बात को लेकर है कि आखिर हिंदुओं को ही साफ्ट टारगेट क्यों बनाया जाता है। अभिव्यक्ति की आजादी केवल हिंदू धर्म को लेकर ही क्यों दिखाई जाती है, किसी और धर्म को लेकर क्यों नहीं कोई हिम्मत जुटाता है।



## TMC नेता समेत 3 लोगों की हत्या

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में टीएमसी नेता स्वपन माझी की आज सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनके साथ ही दो अन्य लोगों को गोली मारी गई, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। यह तिहरा हत्याकांड आज सुबह उस वक्त हुआ, जब टीएमसी नेता बाइक से अपने दो साथियों के साथ घर से निकले थे। इस दौरान कुछ लोगों ने मोटरसाइकिल को रोककर अंधाधुंध फायरिंग की और फरार हो गए। गोलियां लगने से टीएमसी लीडर और उनके दोनों साथियों की मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल भारी संख्या में पुलिस को तैनात किया गया। मौके से कारतूस के खोखे और बम बरामद किए जाने की खबर है। स्वपन माझी टीएमसी के नेता हैं और स्थानीय पंचायत के सदस्य भी थे। केनिंग पश्चिम के टीएमसी विधायक परेश राम दास ने कहा कि हत्यारों ने पहले तो टीएमसी नेता समेत तीन लोगों को गोली मारी और फिर उनके सिर भी काटने की कोशिश की थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया त्तीन लोगों की हत्या हुई है।



## सीएम भगवंत मान दूसरी बार दूल्हा बने

**16 साल छोटी डॉ. गुरप्रीत के साथ फेरे लिए**

**चंडीगढ़,एजेंसी।** पंजाब के सीएम भगवंत मान गुरुवार को दूसरी बार दूल्हा बने। उन्होंने डॉ. गुरप्रीत कौर के साथ सीएम आवास में फेरे लिए। अरविंद केजरीवाल ने पिता की तो राघव चड्ढा ने भाई की रस्में निभाईं। शादी में मान और गुरप्रीत के परिवार के अलावा केजरीवाल का परिवार भी शामिल हुआ। 32 साल की गुरप्रीत भगवंत (उम्र 48) से 16 साल छोटी हैं। दोनों की मुलाकात करीब चार साल पहले हुई थी। भगवंत की यह दूसरी शादी है। पहली पत्नी से उन्होंने 2015 में तलाक लिया था। पहली शादी से मान के 2 बच्चे दिलशान (17) और सीरत (21) हैं और मां के साथ अमेरिका में रहते हैं।

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कटनी आगमन आज शाम

### झिंझरी से कार द्वारा घन्टाघर पहुंचकर करेंगे सभा को सम्बोधित



**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश के विकास पुरुष मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा सांसद विष्णुदत्त शर्मा का आज 7 जून गुरुवार को सायं 5 बजे कटनी आगमन हो रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल ने कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष के भव्य स्वागत की अपील की है। श्री पायल ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सायं 5 बजे झिंझरी हेलीपैड पर उतरेंगे। यहां से युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की आगवानी के साथ घन्टाघर पहुंचकर आमसभा को सम्बोधित करेंगे। जन सामान्य से मुख्यमंत्री श्री चौहान तथा प्रदेश अध्यक्ष के विचारों को सुनने का आग्रह है। कटनी पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री वाहन से माधवनगर गेट, मिशन चौक, थाना तिराहे, सुभाष चौक सिल्वर टाकीज रोड, टिकियामल चौराहे से गर्ग चौक होते हुए घन्टाघर सभा स्थल पहुंचेंगे तथा जनता जनार्दन को सम्बोधित करेंगे। समस्त युवा मोर्चा कार्यकर्ता झिंझरी हेलीपैड के बाहर मुख्यमंत्री का स्वागत तथा आगवानी कर उन्हें घंटाघर तक लेकर आएंगे। जिला अध्यक्ष रामरतन पायल, विधायक संदीप जायसवाल, संजय सत्येंद्र पाठक, प्रणय पांडे ने आग्रह किया है कि समस्त जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता, वार्डों के प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ सभा स्थल पहुंचे तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की आगवानी के साथ कटनी में महापौर प्रत्याशी एवं सभी वार्डों के भाजपा पार्षद प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित कर शहर में विजय संकल्प सभा के साक्षी बनें।

## हम आयुष्मान से जान बचाने, संबल से गरीबों की मदद, मुफ्त अनाज, हर घर पक्की छत देने वाले जनसेवक

### भाजपा की महापौर प्रत्याशी तथा वार्ड पार्षदों ने लिया जनता से आशीर्वाद

**कटनी यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी एक राजनीतिक दल के साथ अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन करने वाला संगठन है। हम आयुष्मान योजना से लोगों की जान बचानेए संबल से गरीबों को संबल देने वाले, कोरोना काल से अब तक गरीबों को मुफ्त राशनए, हर गरीब को पक्का मकान देने वाले ऐसे जनसेवक है जो बिना भेदभाव सेवा करते हैं। आज 3 वार्डों में जनसम्पर्क के दौरान मीडिया से रूबरू होते यह विचार महापौर प्रत्याशी श्रीमती ज्योति दीक्षित ने व्यक्त किये।



भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ विजय संकल्प को लेकर महापौर प्रत्याशी श्रीमती ज्योति दीक्षित तथा सभी वार्डों के भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में सघन जनसपंर्क कर रहे हैं। भाजपा को जनता का भरपूर आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में आज महाराणा प्रताप वार्ड क्र 43ए विश्राम बाबा वार्ड क्र 44 तथा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 36 में भाजपा ने सघन जनसम्पर्क किया जनसम्पर्क प्रभारी रवि खरे, ललित जायसवाल ने समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं से जनसम्पर्क में शामिल होकर भाजपा की महापौर प्रत्याशी एवं वार्डों में भाजपा के पार्षद प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की है। जनसम्पर्क के दौरान जिला अध्यक्ष रामरतन पायल, खादीग्रामोद्योग के अध्यक्ष जितेंद्र लिटेरिया, विधायक संजय पाठक, संदीप जायसवाल, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी सहित सैकड़ों भाजपाजन मौजूद थे।

## चुनाव खर्च की जानकारी नहीं देने पर महापौर एवं पार्षद उम्मीदवारों को नोटिस

**कटनी यशभारत।** नगरीय निकायों के महापौर एवं पार्षद अभ्यर्थी हेतु निर्वाचन व्यय ;लेखा संधारण और प्रस्तुतिद्ध नाम निर्देशन प्रस्तुत किये जाने के तिथि से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तिथि तक दिन प्रतिदिन के व्यय का निरीक्षण कराये जाने के प्रावधान है। इसके तहत अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन व्यय के दिन प्रतिदिन के लेखे का रजिस्टर संबंधित व्हाउचरों तथा देयकों के साथ किसी भी समयए रिटर्निंग ऑफिसरए जिला निर्वाचन अधिकारीए प्रेक्षक या आयोग द्वारा इस संबंध मे प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा मांग करने परए तत्काल निरीक्षण के लिए पेश किया जायेगा और ऐसा करने में असफलता को अभ्यर्थी की ओर से इस आदेश का अनुपालन करने में एक गंभीर चूक माना जायेगा। सहायक रिटर्निंग आफिसर नगर निगम ने बताया कि जारी निर्देशों के परिपालन में कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन कटनी के आदेशों के माध्यम से निर्धारित दिनांकों को समाचार पत्रों मे भी सूचना का प्रकाशित कराया गया एवं कार्यालयीन पत्रों के माध्यम से भी अवगत कराया गया हैए साथ ही दूरभाष पर भी सूचित किया गया हैए किन्तु इसके बावजूद भी महापौर पद के अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित तिथि में निर्वाचन व्यय का लेखा निरीक्षण कराये जाने मे असफल रहने एवं अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर निर्धारित प्रोफार्मा मे व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नगर निगम महापौर पद के अभ्यर्थी अंजली ओमप्रकाश चौधरी महापौर पद के अभ्यर्थी के विरूद्ध मण्प्रण् नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 14.ख और मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 32 .ख में निहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया है। सहायक रिटर्निंग आफिसर नगर निगम द्वारा जारी सूचना पत्र में महापौर पद के अभ्यर्थी को दो दिवस के अंदर स्वयं अथवा निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय का लेखा एवं जवाब प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित कर अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही का लेख किया गया है।

**दो दिन में चुनाव खर्च की जानकारी देने के निर्देश**

## 40 दिन उपवास रखकर भगवान झूलेलाल की आराधना में लीन रहेगा सिंधी समाज

### 40 दिनों तक प्रज्जवलित रहेगी अखण्ड ज्योति



**कटनी यशभारत।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री झूलेलाल चालीहां महोत्सव 12 जुलाई से 21 अगस्त तक झूलेलाल चालीहां महोत्सव समिति द्वारा समस्त सिंधी समाज के सहयोग से स्थानीय गुरूनानक वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में बड़े ही भक्तिभाव के साथ मनाया जावेगा। समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस 40 दिवसीय भव्य आयोजन का शुभारंभ दिनांक 12 जुलाई को सुबह 10 बजे पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के पदाधिकारियों व गणमान्य तथा श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पंण् दिनेश शर्मा द्वारा बहराणे साहिब की पूजा व भगवान श्री झूलेलाल की अखण्ड ज्योति प्रज्जवलित के साथ व्रतधारियों को संकल्प बंधन से 40 दिवसीय व्रतों की शुरूआत होगी व संजय खूबचंदानी ने यह भी बताया कि दसवी शताब्दी में सिंध प्रांत में मिरख बादशाह के अत्याचारों से निजात पाने के लिए हिन्दू लोगों ने 40 दिनों तक सिंधु नदी के तट पर जल देवता की स्तुति की थीए तभी से भगवान झूलेलाल चालीहां महोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर श्री झूलेलाल मंदिर प्रतिदिन सुबह 8 बजे व सायंकाल 8 बजे गीत.संगीतए आरती, पल्लव, पूजा अर्चना व दीनबंधु भण्डारा एवं हर रविवार कटायेघाट के तट पर जल देवता की पूजा अर्चना, अरवो पल्लव आरती व प्रसाद वितरण इत्यादि आयोजन होंगे। श्री झूलेलाल चालीहां महोत्सव समिति के त्रिलोकचंद भोजवानी, श्रीचंद भाटिया, महेश बहलानी, अमर चेतवानी, हरीश बहलानी, नेवंद खूबचंदानी, अशोक रोहरा, सुरेश गांधी, राजकुमार खीयानी, अजीत केसवानी, नारायण दास तीर्थानी, सुनील हसीजा आदि ने 40 दिवसीय चालीहां महोत्सव के समस्त आयोजन में उपस्थिति प्रदान करने की अपील की है।

## दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के विकास का संकल्प लिया कांग्रेस प्रत्याशी ने



**कटनी, यशभारत।** दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 17 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती निशा मिश्रा ने वार्ड के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का सघन जनसंपर्क करते हुए मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने अपने घोषणापत्र में वार्ड के विकास का वादा करते हुए कहा है कि वार्ड में सड़क और नालियों का निर्माण किया जाएगा। पेयजल की समस्या से लोगों को निजात दिलाई जाएगी। नगर निगम में कांग्रेस की सत्ता होगी तो विकास कार्य अनवरत गति से होंगे। पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल के दौरान रूके हुए विकास कार्यों को पूरा कराया जाएगा और वार्ड के प्रत्येक नागरिक को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। गत दिवस वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रजनी सोनी, हेमा शर्मा, कांति चौबे, मीनाक्षी बल्वी सहित अन्य महिला नेत्रियों ने जनसंपर्क किया। इस अवसर पर रिंकी दुबे, प्रीति मिश्रा, बबीता सिंह, रेखा चक्रवर्ती, ममता ठाकुर, संचित मिश्रा, शैलेंद्र तिवारी, गोलू मिश्रा, राहुल, दया आदि की उपस्थिति रही।

## माधवनगर में कमलनाथ का रोड शो, कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत



**कटनी यशभारत।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ का गत दिवस कटनी नगर आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने कटनी शहर के साथ ही माधवनगर में रोड शो करते हुए आम मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। माधवनगर पहुंचने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता झम्मटमल ठारवानी एवं आचार्य कृपलानी वार्ड के कांग्रेस प्रत्याशी ईश्वर बहरानी ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का पुष्पहारों से गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनसे माधवनगर में पट्टे की समस्या निराकरण करने की मांग की। जिस पर कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो सबसे पहले पट्टे की समस्या हल होगी।

## जिलाबदर का आरोपी गिरफ्तार

**कटनी,(यशभारत)।** जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर रंगनाथ नगर पुलिस ने युवक को पकड़क धारा 188, 14 राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने रंगनाथ मंदिर के पीछे मैदान में फारेस्टर वार्ड झर्राटिकुरिया निवासी 28 वर्षीय सोमनाथ आरख को पकड़ा जो जिलाबदर का आरोपी था। युवक जिला दंडाधिकारी के आदेश की अवहेलना कर रहा था।

## ट्रेन से गिरकर किशोर घायल

**कटनी,(यशभारत)।** कोतवाली के नई बस्ती क्षेत्र निवासी 16 वर्षीय मोनू कुशवाहा पिता बनारसी कुशवाहा रिश्तेदार के यहां से लौटकर आ रहे था। उसीदौरान पकरिया रेलवे स्टेशन के पास वह ट्रेन से गिर गया। हादसे में किशोर को गंभीर चोट आई है। उपचार के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**किराए से देना है**

20 बाई 50 फिट का सर्वसुविधायुक्त, सभी शासकीय विभागों से अनुमति प्राप्त हॉल बैंक, फाइनेंस, इश्योरेंस कंपनी, शॉपिंग मार्केट के लिए किराए से देना है।
स्थान : दुर्गा चौक, तिलक कॉलेज मोड़, मंगलम मेनर गार्डन के सामने, कटनी
सम्पर्क : सत्यम सैनी
मो. 7748902288, 6264267212

**प्लॉट बिकाऊ हैं**

यादव गैस एजेंसी, विवेकानंद वार्ड लखेरा, कटनी में 1925 फीट का प्लॉट कीमत 600/- वर्गफुट डबल रोड एवं पाठक वार्ड सन्यासी बाबा गली, कटनी में 900 फीट कीमत 2000/- वर्गफुट विथ डायवर्सन प्लॉट बिकाऊ हैं।
संपर्क-जूली गुप्ता, मो. 8818908382

**TIMES ACADEMY**
दसवीं बारहवीं के ओपन स्कूल से फार्म भरें
आर्टस/कामर्स/मैथ्स/बायो
B.sc. मैथ्स/बायो
रेग्यूलर/प्राइवेट करें



पता- डॉ. हरचंदानी के सामने शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9200173627

**जायसवाल इंटरप्राईजेस**
**चुनाव प्रचार सामग्री**
झंडा, मफलर, टोपी, बिल्ले, टी-शर्ट, पेपर लडी, बाईक झंडा, डमी ई.वी.एम.
Mob. 9098263208,7000281913
पता- कचहरी चौराहा, MGM Hospital के पास, कटनी

**पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist**
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**JOHNSON** Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

**PRE. REGISTRATION** साईंनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**PRE. REGISTRATION**
**साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

HOTEL GRAND MERIDIAN



Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com

**सिटी मॉल बरही रोड में**
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 07 से
दोपहर 12.30,3,5.30,8 एवं रात्रि 10.15 बजे से



**थोर (Love & Thunder) (हिन्दी में)**
कलाकार- क्रिस हेमवर्थ, क्रिसचियन बेल, रसेल क्रो, जेमी एलेक्जेंडर आदि।
नोट-12.30,3,5.30 2D एवं 8,10.15 वाले शो 3D हैं
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 08 से
दोपहर 1,4,7 एवं रात्रि 9.30 बजे से



**खुदा हाफिज-2**
कलाकार- विद्युत जामवाल, शिवालिका ओबेराय, शीबा चड्डा, राजेश तेलंग आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**नीरज सिनेप्लेक्स में**



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 08 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
**खुदा हाफिज-2**
कलाकार- विद्युत जामवाल, शिवालिका ओबेराय, शीबा चड्डा, राजेश तेलंग आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

**अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें**
www.yashbharat.com

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 07 जुलाई 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# पंचायत चुनाव : तीसरे चरण के लिए कल होगा चुनाव, तैयारियां पूरी

## करीब ढाई लाख मतदाता करेंगे दिग्गजों के भाग्य का फैसला, जिला पंचायत के 5 क्षेत्रों में 35 उम्मीदवार आजमा रहे किस्मत

**कटनी, यशभारत।** पंचायत चुनाव के तीसरे और आखिरी चरण के लिए कल 8 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद एवं रीठी में मतदान कराया जाएगा। मतदान के एक दिन पहले आज प्रशासनिक अमला चुनाव की तैयारियों में जुटा रहा। मतदान को निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्वक तरीके संपन्न कराने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया जा रहा है। आज बहोरीबंद कॉलेज और मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल रीठी में मतदान दलों को सामग्री का वितरण करते हुए बसों एवं अन्य साधनों से केन्द्रों की ओर रवाना किया गया है। मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक कराया जाएगा। मतदान के तत्काल बाद मतगणना कराई जाएगी लेकिन अधिकृत परिणामों की घोषणा बाद में की जाएगी। मतदान और मतगणना संपन्न होने के बाद मतदान दल सामग्री लेकर वापस बसों से तहसील मुख्यालय लौटेंगे। तीसरे चरण में जिला पंचायत कटनी के 5 सदस्यों के लिए मतदान कराया जाएगा। इन 5 पदों के लिए कुल 36 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

**बहोरीबंद और रीठी के 432 केन्द्रों पर होगा मतदान**

### बहोरीबंद में डेढ़ लाख मतदाता, 263 केन्द्र




जनपद पंचायत बहोरीबंद में करीब डेढ़ लाख मतदाता 3 जिला पंचायत सदस्य, 24 जनपद पंचायत सदस्य, 78 ग्राम पंचायत सरपंच और 279 पंच पद के लिए चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। बहोरीबंद क्षेत्र में 263 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां कल सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान होगा। आज शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद परिसर में मतदान सामग्री का वितरण किया गया। मतदान दलों को केन्द्रों तक पहुंचाने के लिए पूरे बहोरीबंद क्षेत्र में 65 बसों का अधिग्रहण किया गया है। जानकारी के मुताबिक बहोरीबंद में 1 लाख 51 हजार 771 मतदाता ग्राम सरकार के प्रतिनिधि का निर्वाचन करेंगे। जिसमे 76752 पुरुष, 75003 महिला एवं 16 अन्य मतदाता शामिल हैं। बहोरीबंद में 679 वार्ड पंच व 1 सरपंच पद निर्विरोध निर्वाचित होने से इनके लिए मतदान नहीं होगा।

### जिले की बहोरीबंद एवं रीठी में कुल मतदाताओं की जानकारी

| जनपद पंचायत | ग्राम पंचायत | मतदान केन्द्र | पुरूष | महिला | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बहोरीबंद | 78 | 263 | 76752 | 75003 | 16 | 151771 |
| रीठी | 55 | 169 | 48734 | 48023 | 04 | 96761 |
| **कुल योग** | **133** | **432** | **123486** | **123026** | **20** | **248532** |

### रीठी में 96 हजार मतदाता, 169 मतदान केन्द्र

जनपद पंचायत रीठी में करीब 96 हजार मतदाता 2 जिला पंचायत सदस्य, 14 जनपद पंचायत सदस्य, 55 ग्राम पंचायत सरपंच और 287 पंच पद के लिए चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। रीठी क्षेत्र में 169 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां कल सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान होगा। आज रीठी में मतदान सामग्री का वितरण किया गया। मतदान दलों को केन्द्रों तक पहुंचाने के लिए पूरे बसों का अधिग्रहण किया गया है। जानकारी के मुताबिक रीठी में 96 हजार 761 मतदाता ग्राम सरकार के प्रतिनिधि का निर्वाचन करेंगे। जिसमे 48734 पुरुष, 48023 महिला एवं 4 अन्य मतदाता शामिल हैं। जनपद पंचायत रीठी में वार्ड नंबर 9 में राजकुमारी पति मुकेश यादव के जनपद सदस्य पद पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद 15 में से 14 जनपद सदस्यों, कुल 651 पंच पद में से 364 पद पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद 287 पंच पद एवं 56 ग्राम पंचायतों में से 1 ग्राम पंचायत भरतपुर में निर्विरोध निर्वाचन के बाद 55 पदों पर चुनाव कराया जा रहा है।



### रीठी में मतदान का सामग्री का वितरण

रीठी। रीठी तहसील के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में कल 8 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए मतदान दल सामग्री लेने चुनाव सम्पन्न कराए जाने के लिए अधिकारी कर्मचारी ड्यूटी में तैनात होकर रीठी के मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में पहुंचे। यहां सुबह सामग्री वितरण का काम शुरू कर दिया गया है। पंचायत चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण में रीठी और बहोरीबंद तहसील में 8 जुलाई को चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। कल प्रात: 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक वोट डाले जाएंगे। मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल को इस बार मतदान सामग्री वितरण और वापसी केंद्र बनाया गया है मतदान सामग्री लेने कर्मचारी मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में एकत्रित हो चुके हैं और सुबह 7 बजे से सामग्री वितरण का काम और शुरू हो चुका है।

# कल वापस अपने धाम आएंगे भगवान जगन्नाथ स्वामी

### रथयात्रा महोत्सव : वापसी रथयात्रा कल 8 जुलाई को

**कटनी, यशभारत।** जगन्नाथ के भात को, जगत पसारे हाथ के जयघोष के साथ जगन्नाथ चौक स्थित श्री जगन्नाथ ट्रस्ट मंदिर से शहर की प्राचीन परंपरा अनुसार श्री रथयात्रा महोत्सव 1 जुलाई से मनाया जा रहा है। कोरोना काल में पिछले 2 वर्षों से रथयात्रा वापिसी महोत्सव का आयोजन नहीं हो पाने से इस बार महोत्सव को भव्य स्वरूप प्रदान करने सभी तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं। रथयात्रा महोत्सव आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष प्रमोद सरावगी, सचिव शिव सोनी, रथयात्रा संयोजक विजय ठाकुर ने बताया कि शहर की धर्म प्रेमी जनता को रथयात्रा वापिस महोत्सव में शामिल होने का आगाह किया है। अध्यक्ष प्रमोद सरावगी ने बताया कि रथयात्रा महोत्सव की वापसी कल 8 जुलाई को शाम 5 बजे से राधा कृष्ण मंदिर सब्जी मंडी से प्रारंभ होगी, इसमें अनेक झांकी, शिवाजी सेवा समिति का अखाड़ा व बजरंग बाल रामायण द्वारा भजनों की अमृतवर्षा की जाएगी, इसके पूर्व शाम 4 बजे जगन्नाथ मंदिर से माता जानकी का रथ महाप्रभु को लेने राधा कृष्ण मंदिर जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को सांय 7 बजे से जगन्नाथ मंदिर परिसर में बजरंग बाल रामायण समाज द्वारा भजन संध्या आयोजित की गई है। इसी तरह रथयात्रा महोत्सव का समापन कार्यक्रम 11 जुलाई को दोपहर 11 बजे से हवन, ब्राम्हण व कन्या भोजन के बाद महाभंडारा के साथ आयोजित किया गया है। रथयात्रा महोत्सव मे शामिल होने की अपील यात्रा महोत्सव के सह प्रभारी संजय गिरी, सह सचिव गोलू ठाकुर, कोषाध्यक्ष शिशिर टुड़हा, शंभू शरण मिश्रा, नटवरलाल कोटक, मुरली अग्रवाल, विजय पटेल, राजेश तिवारी, नरेश ताम्रकार, विनोद मिश्रा, विपिन दुबे, राजकुमार यादव, प्रकाश गुप्ता, उमाशंकर छिरौल्या, मूलचंद नामदेव, महेश नामदेव, ओम प्रकाश पुरवार, सिद्धार्थ गौतम, भरत गुप्ता, प्रदीप महाराज, आकाश टुड़हा, शेखर महतेले, संजीव कुशवाहा, आदर्श टुड़हा, मनीष शर्मा ने श्रद्धालुओं से की है।

**बजरंग बाल रामायण समाज द्वारा भजन संध्या 10 एवं हवन, कन्या भोजन एवं महाभंडारा 11 को**




# कैमोर में 60 तो विजयराघवगढ़ में 71 फीसदी मतदान

### महिलाएं भी नहीं रहीं पीछे, दोनों परिषदों में 7 हजार से ज्यादा महिलाओं ने किया मताधिकार का उपयोग

### जिले की दोनों नगर परिषदों में मतदान का प्रतिशत

| नगर परिषद | पुरूष | महिला | अन्य | कुल मतदान |
|---|---|---|---|---|
| कैमोर | 60.43 | 60.47 | 00.00 | 60.45 |
| विजयराघवगढ़ | 73.19 | 70.60 | 00.00 | 71.91 |
| **कुल योग** | **79.85** | **78.03** | **12.00** | **79.10** |

कटनी, (यशभारत)। नगरीय निकाय चुनाव के प्रथम चरण में मतदताओं का उत्साह देखते ही बना। जिले की दोनों नगर परिषदों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में घरों से निकलकर अपने मताधिकार का उपयोग किया और अपने पसंदीदा उम्मीदवार का समर्थन किया। जानकारी के मुताबिक शाम पांच बजे तक नगर परिषद कैमोर में 60.45 प्रतिशत व नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 71.91 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान को लेकर बुजुर्ग, दिव्यांग व महिलाओं में खासा उत्साह दिखा। कैमोर में मतदान का प्रतिशत कम रहा। कैमोर में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं ने ज्यादा मतदान किया। वहीं विजयराघवगढ़ में पुरुष मतदान करने में महिलाओं से आगे रहे। कैमोर में मतदान की प्रक्रिया सुबह से धीमी रही। शाम 5 बजे तक यहां 60.43 पुरुष प्रतिशत एवं 60.47 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। विजयराघवगढ़ में 71.91 मतदान हुआ। यहां मतदान में महिलाओं से आगे पुरुष रहे। 70.60 प्रतिशत महिलाओं ने तो वहीं 73.19 प्रतिशत पुरुषों ने मतदान किया।

### 22613 में से 7379 पुरूष एवं 7085 महिलाओं ने दिखाई जागरूकता

जिले की दोनों नगर परिषद में कुल 22 हजार 613 मतदाताओं में से 7 हजार 379 पुरूष एवं 7 हजार 85 महिलाओं ने जागरूकता दिखाते हुए अपने मताधिकार का उपयोग किया। जानकारी के मुताबिक विजयराघवगढ़ में 2564 पुरूष, 2423 महिलाएं एवं कैमोर में 4815 पुरूष एवं 4662 महिलाओं ने लोकतंत्र के इस महायज्ञ में अपने वोट की आहूति देकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।

### मतदान हमारा अधिकार

दादा वोट डाल दिया पूछते ही विजयराघवगढ़ के वार्ड नंबर 9 बिहारी जी मंदिर के सामने रहने वाले 78 वर्षीय हरि प्रसाद ताम्रकार की आंखों मे चमक आ गई। सिर हिलाते हुए भारी आवाज में हां कहते हुए उंगली उठाकर स्याही का निशान दिखाया और बड़े गर्व से कहा कि उन्होंने तकरीबन हर चुनाव में वोट किया है। मतदान करना हमारा अधिकार है। इसी तरह वृद्धावस्था जनित शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे वार्ड नंबर 8 पंडित राजेन्द्र प्रसाद वार्ड के निवासी 71 वर्षीय सूरज प्रसाद गुप्ता ने शासकीय कन्या माध्यमिक शाला पहुंचकर मतदान किया।

### पहली बार मतदान की खुशी

पहली बार मतदान के लिए रोमांचित युवाओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। कैमोर के वार्ड नम्बर 9 निवासी 19 वर्षीय आकृति कुररिया ने अपने पिता रवि प्रकाश कुररिया और मां स्वर्णलता कुररिया के साथ एसीसी कैमोर उमा विद्यालय स्थित केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। पहली बार मतदान करने वाली आकृति ने सभी से मतदान करने की अपील की। वहीं विगढ़ की 19 वर्षीय शिवानी बर्मन ने शासकीय माध्यमिक शाला मे बने मतदान केन्द्र में पहली बार मतदान किया। शिवानी पॉलीटेक्निक कॉलेज से कम्प्यूटर सांइस की पढ़ाई कर रही है। उन्होंने बताया कि वे पहली बार मताधिकार का प्रयोग कर काफी खुश है। शासकीय कन्या प्राथमिक शाला विजयराघवगढ़ में वार्ड क्रमांक 8 के निवासी राजेश गुप्ता और आरती गुप्ता ने मतदान कर खुशी का इजहार किया। बीटेक की 19 वर्षीय छात्रा शैलजा मिश्रा ने भी एसीसी उमा विद्यालय मे पहली बार वोट डाला।



# पहली ही बरसात में अमगवां के हाल बेहाल

### नालियां जाम, गंदे पानी की निकासी नहीं, गलियों में जलभराव, कीचड़ से सनीं सड़कें

**रीठी, (यशभारत)।** रीठी तहसील के क्षेत्र के कई गांवों में पहली बारिश में ही सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई है। गांव में नालियां चोक व गंदे पानी की निकासी न होने से गलियों में जलभराव व कीचड़ की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। आलम यह है कि जाम नालियों की साफ सफाई के लिए पंचायत ने कोई व्यवस्था नहीं की, जिसके कारण गलियों में गंदा पानी व कीचड़ मचा हुआ है, जबकि बरसात लगने से पूर्व नालियों की साफ सफाई और गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था पंचायत द्वारा कराई जाती है, परंतु कटनी जिले की रीठी जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अमगवां के हाल बेहाल हैं। यहां के रहवासियों ने बताया कि गांव की साफ सफाई की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है, जिसके कारण जगह-जगह नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं, वहीं सड़क किनारे लगे हैंडपंप के चारों ओर गंदे पानी का भराव होने की वजह से हैंडपंप का भी पानी दूषित हो जाता है, जिसका उपयोग करने से संक्रमित बीमारी का खतरा लोगों पर मंडराने लगा है। शुरुआती बारिश में गांव का यह हाल है तो अधिक बारिश होने पर गांव क्या हाल होगा। इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। यदि गंदे पानी की निकासी एवं सफाई नहीं कराई गई तो बरसात में समस्या विकराल रूप धारण कर सकती है।

**साफ सफाई को लेकर ग्राम पंचायत का उदासीन रवैया**



### सबसे पहले केन्द्र क्रमांक 12 का दल पहुंचा, मतदान सामग्री कराई जमा

**कटनी, यशभारत।** 6 जुलाई को नगरीय निकाय क्षेत्रांन्तर्गत नगर परिषद विजयराघवगढ़ एवं कैमोर मे मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। सीण्ईण्ओण् जिला पंचायत एवं निर्वाचन प्रभारी जगदीश चन्द्र गोमे के निर्देशन में नगर परिषद विजयराघवगढ़ के मतदान केन्द्र कमांक 12 के मतदान दल ने सर्वप्रथम आकर मतदान सामग्री जमा कराई है। इसके बाद अन्य मतदान दलों का आगमन भी हो रहा है। इस दौरान नायब तहसीलदार रविन्द्र पटेल एवं संबंधित मतदान दल के मतदान कर्मी उपस्थित रहे।

# ड्यूटी के दौरान सर्वर के माध्यम से रेलवे से जुड़े रहेंगे टिकट निरीक्षक

## बेहतर यात्री सेवाओं के लिए चल टिकट निरीक्षकों को मिलेंगे हैंड हैंडल टर्मिनस

**कटनी, यशभारत। जबलपुर रेल मंडल में चलने वाली यात्री गाड़ियों में ड्यूटी करने वाले चल टिकट निरीक्षकों को रेलवे द्वारा शीघ्र ही एचएचटी हैंड हैंडल टर्मिनस प्रदान किये जा रहे हैं। इस एचएचटी के द्वारा चल टिकट निरीक्षक ट्रेन में हमेशा रेलवे के सर्वर से इंटरनेट के माध्यम से जुड़े रहेंगे और ट्रेन में बर्थ के खाली होने अथवा आरएसी के क्लियर होने की निरंतर जानकारीयां यात्रियों को देते रहेंगे।**

इस संबंध में जबलपुर सहित भोपाल एवं कोटा मंडल के 30 टीटीई को जबलपुर मंडल में इस टर्मिनस की कार्यप्रणाली के बारे में दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस मौके पर सेंटर फॉर इनफॉरमेशन सिस्टम क्रिस के सॉफ्टवेयर इंजीनियर किरण एवं सीनियर डीसीएम जबलपुर विश्वरंजन ने जानकारियां प्रदान की। प्रशिक्षण शिविर में अधिकारियों ने टिकिट निरीक्षकों को एचएचटी की कार्यप्रणाली तथा विशेषताओं के बारे में बताया और कहा कि इससे रेलवे के कार्य में काफी सुविधा मिलेगी तथा यात्रियों को भी आप ज्यादा अच्छी सेवा समय पर प्रदान करने में सक्षम होंगे। इस टर्मिनस के द्वारा चल टिकट निरीक्षक हमेशा रेलवे से जुड़े रहेंगे और उनकी तमाम गतिविधियां एवं यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी इस टेबलेट नुमा एचएचटी में प्राप्त होते रहेंगी। उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड द्वारा चल टिकट निरीक्षकों के कार्य में सुधार एवं यात्री सुविधाओं में वृद्धि के लिए नए सॉफ्टवेयर के साथ एचएचटी प्रदान किए जा रहे हैं, जिसके तहत जबलपुर मंडल को भी लगभग 350 एचएचटी प्राप्त हुए हैं, जो कि मंडल के टिकट निरीक्षकों को क्रमशः प्रदान किए जाएंगे। इस नई डिवाइस की कार्यप्रणाली के लिए आयोजित इस शिविर में टिकिट निरीक्षकों की शंकाओं का निराकरण करते हुए इसकी खूबियों एवम उपयोगिता की जानकारी प्रदान की गई।

### जानकारियों से अवगत कराने जबलपुर रेल मंडल ने कर्मचारियों को दी ट्रेनिंग




### महापौर एवं पार्षद उम्मीदवारों को फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर पर खर्च की राशि की जानकारी देने के निर्देश

**कटनी, यशभारत।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों के निर्वाचन के तहत फ्लेक्स, बैनर, पम्पलेट मीडिया, सोशल मीडिया आदि के संबंध में निर्देश जारी किये है। सहायक रिटर्निंग आफिसर नगर निगम कटनी ने आदेश जारी कर नगरपालिक निगम के महापौर एवं पार्षद पद के सभी अभ्यर्थी को प्रचार.प्रसार में उपयुक्त फ्लेक्स, बैनर, पम्पलेट, मीडिया सोशल मीडिया आदि के प्रारूप, फार्मेट तथा उनकी संख्या प्रसार की स्लिप की अवधि का उपयोग करनें के पूर्व स्थानीय निर्वाचन एमण्सीण्एमण्सी की शाखा कटनी से अनुमोदन प्राप्त करनें के पश्चात किये गए व्यय की राशि की जानकारी नोडल अधिकारी व्यय लेखा टीम नगरीय निकाय आम निर्वाचन नगर निगम कटनी को देना सुनिश्चित करने लेख किया है।

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक,
कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

From 07th July 2022

CINEWORLDZ
CINEMA KATNI


Mittal MALL

Tuesday Offer
@99/-
Available On All Seats Except Recliners


Paytm
bookmyshow





11:00 AM
4:00 PM 7:00 PM
9:45 PM
2D 1:30 PM




10:30 AM
1:00 PM 3:45 PM
6:30 PM 9:30 PM



10:15 AM
1:15 PM
9:15 PM




3:30 PM
6:45 PM

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave,
Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC



छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

## रूट की ट्रेनों में यात्री दबाव कम करने रेलवे का निर्णय

# बलिया से पनवेल के बीच एक-एक ट्रिप कटनी होकर चलेगी स्पेशल ट्रेन



**कटनी,(यशभारत)।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिये अतिरिक्त यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 05193/05194 बलिया-पनवेल-बलिया के बीच कटनी जंक्शन होकर एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से गुजरेगी। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 05193 बलिया से पनवेल स्पेशल ट्रेन 06 जुलाई को बलिया स्टेशन से 16:50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 02:20 बजे, कटनी 03:35 बजे, जबलपुर 05:00 बजे, इटारसी 08:55 बजे और 21:45 बजे पनवेल स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी मे गाड़ी संख्या 05194 पनवेल से बलिया स्पेशल ट्रेन 07 जुलाई को पनवेल स्टेशन से रात्रि 23:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 11:30 बजे, जबलपुर 16:10 बजे, कटनी 17:35 बजे, सतना 19:20 बजे और तीसरे दिन 04:55 बजे बलिया स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी,10 शयनयान श्रेणी, 06 द्वितीय सामान्य श्रेणी एवं 02 एसआरएलडी सहित कुल 20 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में गाजीपुरसिटी, वाराणसी, प्रयागराज जंक्शन, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नासिक रोड एवं कल्याण स्टेशनों पर ठहराव लेगी।

### दानापुर से बेंगलुरू के बीच भी चलेगी एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन

वहीं दानापुर से बेंगलुरू के बीच भी गाड़ी संख्या 03253/03254 दानापुर-बेंगलुरू-दानापुर एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी भी पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से गुजरेगी। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 03253 दानापुर से बेंगलुरू स्पेशल ट्रेन 07 जुलाई को दानापुर स्टेशन से 18:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 03:00 बजे, कटनी 04:35 बजे, जबलपुर 06:00 बजे, इटारसी 10:35 बजे और तीसरे दिन 18:20 बजे बेंगलुरू स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी मे गाड़ी संख्या 03254 बेंगलुरू से दानापुर स्पेशल ट्रेन 10 जुलाई को बेंगलुरू स्टेशन से 07:50 बजे प्रस्थान कर इटारसी 13:35 बजे, जबलपुर 16:40 बजे, कटनी 18:10 बजे, सतना 19:35 बजे और तीसरे दिन 08:00 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 09 शयनयान श्रेणी, 04 द्वितीय सामान्य श्रेणी एवं 02 एसआरएलडी सहित कुल 24 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, वारंगल, विजयवाड़ा, पेरंबूर, काटपाडी, जोलारपेट्टई एवं कृष्ण राजपुरम स्टेशनों पर ठहराव लेगी।



## सूने मकान में 70 हजार की चोरी

### नगदी व जेवर ले गए बदमाश

**कटनी,(यशभारत)।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम लखाखेरा छितरिया घाट में एक सूने मकान को चोरों ने निशान बनाया है। घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवर सहित नगदी पार कर दिया है। जानकारी के खुशीलाल मौर्य निवासी छितरिया घाट के मकान में विगत दिवस अज्ञात बदमाशों ने धावा बोला है। सहायक उपनिरीक्षक काशीराम मरावी ने बताया कि अज्ञात चोरों ने घर के अंदर से 70 हजार रुपये कीमती सोने-चांदी के जेवरात व 5 हजार रुपए नगदी पार कर दिए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मवेशी पर कुल्हाड़ी से हमला

#### रीठी के गुरजी गांव में आक्रोश

**कटनी,(यशभारत)।** किसी असामाजिक तत्व के द्वारा एक मवेशी को कुल्हाड़ी मारकर घायल कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम गुरजी में किसान मगन झारिया के मवेशी को अज्ञात व्यक्ति ने बेहरमी से कुल्हाड़ी मारकर लहुलुहान कर दिया है। गौसेवकों ने चिकित्सक को सूचना दी लेकिन क्षेत्र में शासकीय पशु चिकित्सक न होने के कारण गौसेवकों को निजी चिकित्सक का सहारा लेना पड़ा। वहीं इस घटना से लोगों में आक्रोश है।

### घर के अंदर बैग में रखे 25 हजार चोरी

**कटनी,(यशभारत)।** उमरियापान में एक युवक के यहां चोरी की घटना हुई है। सतीश कुमार कुररिया निवासी ग्राम टोला थाना उमरियापान के घर में बैग में 25 हजार रुपये रखे थे। अज्ञात बदमाश ने पार कर दिए है। शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### मारपीट कर किया अपमानित

**कटनी,(यशभारत)।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम निटर्रा में दो पक्षों में विवाद सामने आया है। ग्राम निटर्रा निवासी 45 वर्षीय ज्ञानी भूमिया ने पुलिस को बताया कि अवधेश बर्मन, राजेंद्र बर्मन, विपिन बर्मन तीनों ने मिलकर मारपीट करते हुए जातिगत अपमानित किया है। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। वहीं विपिन बर्मन की शिकायत पर ज्ञानी भूमिया के खिलाफ भी पुलिस ने मामला कायम किया है।

### विषपान से महिला की मौत

**कटनी,(यशभारत)।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक महिला की जहर पीने से मौत हो गई है। वेंकट वार्ड खिरहनी फाटक निवासी 37 वर्षीय माया निषाद पति नरेश निषाद की जहर पीने से मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### आग से जली युवती मृत

**कटनी,(यशभारत)।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम पौनिया में 17 जून को एक युवती जल गई थी। इलाज दौरान उसकी मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पौनिया निवासी 24 वर्षीय संगीता कोल पिता सपन कोल की आग से जलने से उपचार दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**कटनी,(यशभारत)।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत नैगवां पुलिया के पास ग्राम लखनवारा निवासी 45 वर्षीय राजकुमार पिता जगदीश आदिवासी की सड़क दुर्घटना से आई चोटों मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**कटनी(यशभारत)।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम बुजबुजा में एक युवक की सर्पदंश से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम बुजगुजा निवासी 35 वर्षीय सचिन कोल पिता रंजीत कोल की सर्प के काटने से इलाज दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### गाज गिरने से महिला की मृत

**कटनी,(यशभारत)।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम ठुठिया सलैया में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम ठुठिया सलैया निवासी 30 वर्षीय रेखा बाई पति राजेश सिंह की अकाशीय बिजली गिरने से मौत हुई है। पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मृत

**कटनी,(यशभारत)।** रीठी थाना अंतर्गत सलैया बकलेहटा स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार दमोह जिले के नोहटा थाना अंतर्गत ग्राम इमलिया निवासी 40 वर्षीय सुदर्शन सिंह पिता स्वर्ग हरपाल सिंह राजपूत की ट्रेन से कटने के कारण मौत हुई है। पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### फोन पर युवक को जान से मारने की धमकी

**कटनी,(यशभारत)।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आजाद चौक गाटरघाट निवासी इंद्र मिश्रा पिता वासुदेव मिश्रा को रात में 12:40, 12:51 पर अलग-अलग मोबाइल नंबर से फोन कर जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़ित ने इस संबंधी में एसपी सुनील कुमार जैन और अनुविभागीय अधिकारी प्रिंया चंद्रावत को लिखित सूचना दी है। साथ ही यह भी कहा कि पूर्व में थाना में शिकायत कर चुका हूं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### क्षेत्र में घूम रहा था जिलाबदर का आरोपी

**कटनी,(यशभारत)।** कैमोर पुलिस ने एक जिला बदर के आरोपी पर धारा 14,15 मप्रराසु अधिनियम 188 के तहत कार्रवाई की है। अमरैयापार बस स्टेंड कैमोर में 25 वर्षीय पिंकी उर्फ इरसाद हुसैन के विरुद्ध जिलाबदर की कार्रवाई हुई है। सउनि सुदामा प्रसाद दाहिया ने बताया कि नियम उल्लंघन करते पाए जाने पर कार्रवाई की गई है।



## मनोरंजक खेल और हाऊजी गेम में महिलाओं ने दिखाया उत्साह

**कटनी,(यशभारत)।** श्री गहोई वैश्य एकता मंडल कटनी के तत्वाधान में 4 जुलाई दिन सोमवार को बैठक आयोजित की गई जिसमें अपने नए प्रभारियों का चयन कर निर्वतमान प्रभारी सदस्यों श्रीमती अर्चना बहरे, श्रीमती संगीता लहरिया एवं श्रीमती आरती त्रिसोलिया का विदाई समारोह ससम्मान गहोई धर्मशाला में सम्पन्न हुआ। मंडल की नवीन प्रभारियों के रूप में सर्वसम्मति से श्रीमती अंशु टुडहा, श्रीमती कीर्ति सुहाने, श्रीमती सारिका कनकने तथा सह-प्रभारी श्रीमती रीता सेठिया, श्रीमती कीर्ति बिलैया, श्रीमती प्रीती सुहाने का स्वागत किया गया है। उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रभारियों की बिदाई धन्यवाद ज्ञापित कर की गई। इस अवसर पर सभी सदस्यों द्वारा तरह तरह के मनोरंजक खेल और हाऊजी खेल कर उत्साह के साथ बैठक को सफल बनाया गया एवम् नवीन प्रभारियों द्वारा सभी का अभिवादन करते हुए धन्यवाद दिया गया।

## 32 किलो अमानक पॉलीथिन जप्त, वसूला जुर्माना



**कटनी,(यशभारत)।** शासन द्वारा 01 जुलाई से थर्माकोल वस्तुओं सहित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, विक्रय, वितरण और उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया गया है। जारी आदेश के परिपालन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन मे निगम की गठित टीम द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न स्थलों में अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करनें वालों पर जुर्माना एवं जब्ती की कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक श्री प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में विगत दिवस स्टेशन रोड दिलबहार चौक के होटल संचालक, पान ठेला संचालक एवं बरही रोड में कार्यवाही की जाकर कुल 32.250 किलो अमानक पॉलीथिन एवं प्रतिबंधात्मक वस्तुओं की जब्ती के साथ 10750 रूपये जुर्मानें की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान क्षेत्रीय दुकानदारों को शासन द्वारा जारी किये गए प्रतिबंधात्मक आदेश के संबंध में अवगत कराकर अमानक प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग न करनें की हिदायत भी दी गई।





## सीईओ ने अमृत सरोवरों का किया निरीक्षण

**कटनी,(यशभारत)।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिले भर में जल संरक्षण संवर्धन हेतु जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे द्वारा निर्माणाधीन अमृत सरोवरों में बारिश के पानी को सहेजने एवं जल संचय को दृष्टिगत रखते हुए निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं। सीईओ श्री गोमे ने मंगलवार को जनपद क्षेत्र विजयराघवगढ़ के ग्राम बंजारी, बरहटा और घुघरी चपना के निर्माणाधीन अमृत सरोवरों का निरीक्षण किया गया। श्री गोमे ने निर्माणाधीन तालाबों की प्रगति को देखा। जलभराव पर्याप्त मात्रा में हो इस हेतु तकनीकी अमले को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जनपद राकेश शुक्ला एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मतदान के दिन अभ्यर्थी केवल 2 वाहन का कर सकेगा उपयोग

**कटनी(यशभारत)।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने सभी कलेक्टकर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नगरीय निकाय निर्वाचन में मतदान के दिन प्रत्येक अभ्यर्थी के द्वारा अपने लिए एक वाहन और अपने निर्वाचन अधिकर्ता अन्य अभिकर्ताओं के उपयोग के लिए एक अतिरिक्त अर्थात कुल मिलाकर केवल दो वाहनों का उपयोग किया जायेगा। अभ्यर्थियों और उसके निर्वाचन अभिकर्ताओं के लिए यह आवश्यक होगा कि मतदान के दिन अपने उपयोग में लाये जाने वाले वाहनों की सूची मतदान दिन से 2 दिन पूर्व संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत कर परमिट अनुज्ञा पत्र प्राप्त कर लें। यह परमिट वाहन की विन्ड स्क्रीरन में प्रदर्शित किया जाएगा या अभ्यर्थी अथवा उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वाराए जैसे भी स्थिति होए अपने पास रखा जाएगा और किसी भी अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर दिखाया जाएगा। अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले वाहन में मतदाताओं को लाया अथवा ले जाया नहीं जाएगा।

### वोट डालने दुकान, प्रतिष्ठान और संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों को मिलेगी सुविधा

**कटनी,(यशभारत)।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने श्रमायुक्त इंदौर से कहा है कि नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्थित प्रतिष्ठानों और संस्थानों में कार्य करने वाले मतदाताओं को मतदान का अवसर देने के लिए यह आवश्यक है कि नगरीय निकाय के आम निर्वाचन के दिन नगरीय क्षेत्रों एवं वार्डों में निवास करने वाले कर्मचारियों को कार्यस्थल पर चार घंटे देरी से आने अथवा चार घंटे जल्दी जाने या बीच में चार घंटे अनुपस्थित रहने की अनुमति दी जाए। नगरीय निकाय निर्वाचन के प्रथम चरण का मतदान 6 जुलाई और द्वितीय चरण का 13 जुलाई को होगा।

## 520 मतदान कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण 10 एवं 11 जुलाई को

**कटनी,(यशभारत)।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन के द्वितीय चरण नगर परिषद बरही एवं नगर निगम कटनी निर्वाचन के लिए मतदान दलों मे लगाये गये 520 कर्मचारियों का द्वितीय प्रशिक्षण 10 एवं 11 जुलाई को प्रातः 11 बजे से 5 बजे तक निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों मे आयोजित किया गया है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा जारी आदेशानुसार शासकीय उत्कृष्ट उमावि माधवनगर कटनी के हॉल क्रमांक 1 एवं मल्टीपर्पस हॉल शासकीय मॉडल स्कूल झिंझरी कटनी के हॉल क्रमांक 1, कक्ष क्रमांक 21 तथा कक्ष क्रमांक 24, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कटनी के हॉल क्रमांक 1, हॉल क्रमांक 2, कक्ष क्रमांक 3 एवं 4 में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स एवं प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदाय करने के निर्देश दिए गए है।

### चांदलोडिया स्टेशन में सोमनाथ एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव



**कटनी,(यशभारत)।** रेल विभाग ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर सोमनाथ एक्सप्रेस का चांदलोडिया स्टेशन में अस्थाई ठहराव लेने का निर्णय लिया है। सोमनाथ एक्सप्रेस को चांदलोडिया स्टेशन पर अगले छह माह के लिए प्रायोगिक ठहराव दिया जा रहा है। गाड़ी संख्या 11464/11466 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस का चांदलोडिया स्टेशन में ठहराव होगा।



## 10 आवारा मवेशी भेजे गए कांजी हाउस

**कटनी,(यशभारत)।** नगर की सफाई व्यवस्था एवं सुगम आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा तथा निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में आवारा मवेशियों को पकडनें की कार्यवाही निरंतर गतिशील है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निर्देशों के परिपालन में निगम की हाका गैंग की टीम के द्वारा बुधवार प्रातः मिशन चौक से आजाद चौक मुख्य मार्ग में आवारा रूप से विचरण कर गंदगी फैलाने एवं आवागमन को बाधित करनें वाले 10 आवारा मवेशियों को पशु वाहन के माध्यम से अमीर गंज स्थित कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान हाका गैंग की टीम के द्वारा बस स्टेण्ड से पन्ना मोड मुख्य मार्ग में आवारा रूप से विचरण कर रहे मवेशियों को हाका लगाकर शहर सीमा से दूर भिजवानें की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी श्री सोनी ने पशुपालकों से अपने पालतू पशुओं को निर्धारित स्थलों पर बांधकर रखने की अपील करते हुए कहा है कि नगर के मुख्य मार्गो में गंदगी करते या आवारा रूप से विचरण करते पाये जाने पर पशुओं को कांजी हाऊस भेजनें की कार्यवाही की जावेगी, जिसकी समस्त जवाबदारी संबंधित पशुपालक की होगी।

## अभ्याार्थी द्वारा मतदान सहायता बूथ बनाए जाने संबंधी निर्देश जारी

**कटनी,(यशभारत)।** सचिव राज्यू निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने बताया है कि अभ्यर्थियों को मतदान केन्द्र से 100 मीटर से अधिक दूरी पर मतदाता सहायता बूथ बनाने की अनुमति रहेगी। इसमें एक टेबल दो कुर्सी एवं एक बैनर 2 फुट 3 फुट तक का रखने की अनुमति होगी। एक ही स्थान में एक से अधिक मतदान केन्द्र की स्थापना होने पर भी एक ही मतदाता सहायता बूथ बनाये जाने की अनुमति अभ्य र्थी को होगी। इन नियमों का पालन न किए जाने पर ऐसे बूथ को हटाने का अधिकार सेक्टर अधिकारीए सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को होगा। साथ ही स्थानीय निकायों की अनुमति आवश्यक होगी। इन बूथों की जानकारी पुलिस को भी दी जाना अनिवार्य होगा।

# पेंटोग्राफ में खराबी के कारण बीच रास्ते खड़ी हुई लांगहाल मालगाड़ी

## कटनी-बिलासपुर रेलखंड पर बी-केबिन के पास आई समस्या

### दो घंटे चले सुधारकार्य के बाद रेल यातायात हुआ बहाल



**कटनी,(यशभारत)।** बिलासपुर-कटनी रेलखंड पर मुड़वारा स्टेशन के आगे बी-केबिन के समीप एक लांगहॉल मालगाड़ी के पेटोग्राफ में खराबी आ जाने के कारण ट्रेन बीच मार्ग में ही खड़ी हो गई। उसे ठीक कराने में रेलवे को लगभग दो घंटे का वक्त लग गया, जिसके चलते दो प्रमुख यात्री ट्रेनें दो घंटे तक मुड़वारा स्टेशन में ही खड़ी रहीं। जिससे यात्रियों को खासी समस्या का सामना करना पड़ा। सुधार के बाद यातायात बहाल हुआ। जानकारी के अनुसार लांगहॉल बॉक्स एन मुड़वारा से बुधवार की सुबह 5 बजे एनकेजे की ओर रवाना हुआ। जैसी ही मालगाड़ी बी-केबिन के पास पहुंची तो अचानक इंजन बंद हो गया। इसकी मुख्य वजह थी कि मालगाड़ी का पेंटोग्राफ (इंजन को करंट के लिए ओएचइ से जोडने़ का स्ट्रैक्कर) खराब हो गया था। जिससे इंजन को करंट नहीं मिल रहा था। पायलट ने इसी सूचना कंट्रोल को दी।

### मुड़वारा स्टेशन में खड़ी रही संपर्कक्रांति व उत्कल

सूचना के बाद रेलवे के अधिकारी सक्रिय हुए और पेंटाग्राफ के सुधार की प्रक्रिया शुरू हुई। इसे ठीक करने में लगभग दो घंटे का वक्त लग गया। पेंटाग्राफ खराब होने के कारण ट्रेन दो यात्री ट्रेनें पिटीं। गाड़ी संख्या 18478 उत्कल एक्सप्रेस मुड़वारा स्टेशन पर 6:40 पर आई यहां से 9 बजे रवाना हुई। इसी तरह गाड़ी संख्या 12824 छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 7:30 बजे आ गई थी और यहां से 9:20 पर रवाना हुई।

### इनका कहना है

लांगहाल मालगाड़ी का पेंटाग्राफ खराब हो गया था, जिसके कारण यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा है। दो यात्री ट्रेनें स्टेशन पर ही खड़ी रहीं। सूचना मिलते ही सुधार कराकर यातायात को बहाल कराया गया।

– **संजय दुबे,** मुख्य यातायात निरीक्षक रेल

# बाइक फिसलने से दो गंभीर

## विजयराघवगढ़ आईटीआई के पास हादसा



**कटनी,(यशभारत)।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत आईटीआई के समीप तेज रफ्तार बाइक फिसलने से उसमें सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि ग्राम सिमरिया निवासी अभिषेक दाहिया और जुगुल दाहिया किसी काम से विजयराघवगढ़ गए हुए थे। जब दोनों युवक बाइक में सवार होकर अपने घर वापस लौट रहे थे। उसीदौरान आईटीआई के समीप बाइक फिसलने से दोनों घायल हो गए। घायल युवकों ने बताया कि सामने से तेज गति से मोटरसायकल आ रही थी, जिसे बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। घटना में दोनों युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को राहगीरों की मदद से विजयराघवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उन्हें उपचार सुविधा मुहैया कराया गया।

## सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल

**कटनी,(यशभारत)।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत कुआं रोड पर कार क्रमांक एम.पी.20सीएम-1993 के चालक ने लापरवाही पूर्वक टक्कर मारकर गुलाब सेन निवासी पटुरिया को घायल कर दिया। इसी प्रकार माधवनगर थानांतर्गत शांतिनगर में चार पहिया वाहन एम.पी.21सीबी-2414 की टक्कर लगने से जय कुमार पिता लखन लाल चौधरी निवासी भीमराव चौक घायल हो गया। पुलिस ने घायलों का उपचार कराते हुए आरोपी वाहन चालकों के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

## विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) की अदालत ने सुनाया फैसला



**कटनी,(यशभारत)।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) की अदालत ने थाना कैमोर के प्रकरण में किशोरी के साथ शादी का झांसा देकर बलात्कार के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी विजय कोल को धारा 363 व 366 के अपराध 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000-1000 रुपए अर्थदंड तथा धारा 376(2)(एन) व 376(2)(आई) के अपराध में 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000-2000 हजार रुपए अर्थदंड सहित अन्य धारा 5/6 पॉक्सो के अंतर्गत आजीवन कारावास व 2000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) नविता पिल्लै ने की। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 8 नवंबर 2016 से लगभग 5-6 माह पूर्व आरोपी किशोरी के घर आया और उसे शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर अपने साथ खेत ले गया और उसकी मर्जी के बिना उसके साथ बलात्कार किया। डर के कारण पीड़िता घर भाग आई। आरोपी ने कई बार बलात्कार किया, जिससे वह गर्भवती हो गई, तब उसने घटना की जानकारी अपने मां एवं भाई को दी। जिसके बाद पीड़िता ने कैमोर थाना जाकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। प्रकरण में साक्षियों के कथन एवं वैज्ञानिक सबूत के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया, जिसके आधार पर आजीवन कारावास एवं जुर्माना से दंडित किया गया।

# देवर और ससुर ने की बहू से मारपीट

**कटनी,(यशभारत)।** विजयराघवगढ़ थानांतर्गत ग्राम कछगवां निवासी आशा बाई पति मंगना चौधरी के साथ उसके देवर और ससुर ने मिलकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि घरेलू विवाद के चलते उसके देवर मैकू चौधरी और ससुर तेजीलाल चौधरी ने विवाद शुरू किया और अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। जब महिला ने गलत शब्दों के प्रयोग पर विरोध किया तो उक्त दोनों ने मिलकर महिला से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी।

## रंजिशन युवक से मारपीट

**कटनी,(यशभारत)।** कोतवाली के खिरहनी फाटक क्षेत्र स्थित कुआं के पास दुर्गा निषाद नामक युवक ने पप्पू भुजवा पिता मैकूलाल भुजवा निवासी आधारकाप के साथ विवाद किया और मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला कायम किया है।

# किराए के मकान में नरसिंहपुर की युवती ने लगाई फांसी

### कारण अज्ञात, पुलिस जांच में जुटी

**कटनी,(यशभारत)।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम कौड़िया में पति के साथ किराए के मकान में रहने वाली एक महिला के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नरसिंहपुर जिले के करेली थाना अंतर्गत ग्राम सिमरिया निवासी महेन्द्र पटेल ग्राम कौड़िया स्थित चंदन प्लांट में काम करता था तथा अपनी पत्नी संध्या पटेल के साथ ग्राम कौड़िया निवासी शंभू महराज के मकान में किराए से रहता था। बताया जाता है कि बुधवार की सुबह महेन्द्र पटेल की पत्नी संध्या के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### फंदे पर झूले प्रौढ़ की अस्पताल में मौत

**कटनी,(यशभारत)।** एनकेजे थाना अंतर्गत किसी बात से परेशान होकर एक प्रौढ़ के द्वारा भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एनकेजे निवासी भगवान सिंह राठौर पिता स्वर्गीय गंभीर सिंह राठौर ने अज्ञात कारणों से तंग आकर फांसी के फंदे पर झूल गया था। प्रौढ़ को परिजन गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर आए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराने उपरांत मर्ग प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# विषपान से युवती की मौत

**कटनी(यशभारत)।** बाकल थाना क्षेत्र के ग्राम छुरिया निवासी 23 वर्षीय संध्या लोधी पिता गया प्रसाद लोधी ने किसी जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। गंभीर हालत में युवती को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतका का शवपरीक्षण कराने उपरांत मर्ग प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से चाकू बरामद

**कटनी(यशभारत)।** ढीमरखेड़ा पुलिस ने अभिषेक पिता अवसर सेन निवासी घाना को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पकड़ा। युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चाकू जप्त कर पुलिस ने उसके विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)